मोर्वी नंदन

तर्ज:-हे दुःख भंजन मारुति नंदन

मोरवीनंदन,करूँ तेरा वंदन,दे सेवा तेरे द्वार
ये विनती तुमसे बारम्बार

याचक बनके द्वार खड़े हैं
हम तो नाथ तेरी शरण पड़े है
करुणानिधि हो,तुम भयहारी,देना प्यार दुलार
ये विनती तुमसे बारम्बार

आशा मन विश्वास है तुम पर
श्याम दया अब करना हम पर
छुटे ना ये,द्वार तुम्हारा,करना ये उपकार
ये विनती तुमसे बारम्बार

हम बालक,अन्जान तुम्हारे
पूजा अर्चन,कुछ नही जानें
देना चाकरी,तेरी सेवा की,नौकर रखना द्वार
ये विनती तुमसे बारम्बार

पल पल सिमरन,होए निरन्तर
श्याम नाम का तारक मन्तर
तम अज्ञान,को दूर हटाये,रोशन हो संसार
ये विनती तुमसे बारम्बार
Lyrics- Roshan Swami "Tulsi"
9610473172-9887339360

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10632/title/mori-nanadan-karu-tera-vandan-de-sewa-tere-dware-ye-vinti-tumse-barmvaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |